पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 12 एवं एनबीडब्ल्यू में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 14.03.2023

दिनांक 13/14-03-2023 को रात्रि थाना दुबग्गा 04, बी0बी0डी0 03, गोमतीनगर विस्तार 01, गुड़म्बा 01, नगराम 01, सुशांत गोल्फ सिटी 01, ठाकुरगंज 01 एवं एनबीडब्लू में थाना इटौंजा 01, ठाकुरगंज 01, अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 12 एवं एनबीडब्ल्यू में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना मोहनलालगंज- दिनांक 14-03-2023 को थाना मोहनलालगंज द्वारा बताया गया कि श्री भारतलाल पुत्र स्व0 हनुमान निवासी ग्राम रंजीत खेडा पोस्ट कनकहा थाना मोहनलालगंज लखनऊ ने थाना मोहनलालगंज पर सूचना दिया कि उसका बड़ा पुत्र योगेश उर्फ गोलू उम्र लगभग 25 वर्ष जो कल दिनांक 13.03.2023 को सांय करीब 07 बजे घर से निकला था। आज दिनांक 14-03-2023 को समय करीब 06.30 बजे उसका पुत्र मृत अवस्था में घर से करीब 200 मीटर दूरी पर स्थित उसके भाई रामनरेश पुत्र स्व0 हनुमान के खेत में पड़ा मिला। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राहुल त्रिपाठी मो0नं0 7905898652 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक अविवाहित था।

थाना दुबग्गा- दिनांक 14-03-2023 को थाना दुबग्गा द्वारा बताया गया कि श्री दीपक वर्मा पुत्र श्री दासूराम निवासी 579/441 ब प्रेम नगर थाना आलनबाग लखनऊ ने थाना दुबग्गा पर सूचना दिया कि वह वर्तमान में आईआरआईएस क्राउन स्कूल ई-3 एचएस-1 आम्रपाली योजना थाना दुबग्गा लखनऊ में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत है। अभी यह स्कूल निर्माणाधीन है जिसमें कई मजदूर विभिन्न कार्य करते है आज दिनांक 14.03.2023 को सुबह करीब 09 बजे जब वह स्कूल पहुचा तो कर्मचारियों से उसे ज्ञात हुआ कि निर्माणाधीन लिफ्ट में एक मजदूर की लाश पड़ी हुई है। मृतक शावेज उर्फ शानू उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र फिरोज निवासी टगौर गार्डन निकट स्टार पेपर मिल रोड़ थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर ठेकेदार चंद्रमोहन के अंडर काम कर रहा था और उक्त ठेकेदार की अनुमति से निर्माणाधीन स्कूल में रहकर मजदूरी (पेंट/पुट्टी) करता था। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अमित कुमार उज्जवल मो0नं0 9936734486 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना गोसाईगंज- दिनांक 14-03-2023 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री मंयक शुक्ला पुत्र श्री राममूर्ति शुक्ला निवासी लालगंज, बासवारा हाल पता किराये का मकान नगर पंचायत गोसाईगंज सराय करोरा वार्ड थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया कि वादी पिछले सप्ताह होली के अवसर पर सपरिवार अपनी ससुराल बांदा गया हुआ था। वादी के घर में सारे दरवाजे में ताले लगे हुए थे व अलमारी भी लॉक थी। दिनांक 13-03-2023 को समय करीब 11 बजे वादी अपने घर पर वापिस आया तो देखा कि वादी के घर के मेन गेट पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ था। वादी ने घर के अंदर जाकर देखा तो सारे दरवाजों के ताले व कुण्ड़ी टूटी हुई थी। वादी के घर में घुसकर अज्ञात चोरो द्वारा दरवाजा व अलमारी का लॉक तोड़कर रखे चोरी सोने व चाँदी के कीमती जेवरात व 70000/- रू0 नगद चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गोसाईगंज पर मु0अ0सं0 106/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर, आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**